## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ ने किया मैहर के मेडीकल स्टोरों का निरीक्षण

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एलके तिवारी और डॉ.प्रदीप गौतम ने मैहर शहर की दवाई की दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रतिबंधित कप सिरप एवं अन्य प्रतिबंधित दवाओं की उपलब्धता की जांच की गई। संबंधित मेडीकल स्टोरों में प्रतिबंधित कप सिरप का स्टाक नहीं पाया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने दुकान संचालकों को स्पष्ट निर्देश दिये है कि वे किसी चिकित्सक के पर्चे के बिना कोई भी दवाई नहीं बेचेंगे। इसके अलावा दुकान में उपलब्ध दवाईयों का स्टाक और खपत के बिल आवश्यक रूप से संधारित करेंगे।

### दुकान की पूजा अर्चना

**मैहर।** राज्य परिवहन बस स्टैंड मैहर के सामने नगर की प्राचीन और विश्वसनीय सोने-चांदी के आभूषणों के नए शो रूम का भव्य शुभारंभ किया गया। मां शारदा देवी के प्रधान पुजारी पवन सरकार ने पूजा-अर्चना कर शो रूम का उद्घाटन किया। यह शोरूम सन 1991 से निरंतर ग्राहकों को अपनी सेवाएं दे रहा है।

### ऊंची दुकानों में बिक रही घटिया मिठाई से उपभोक्ता परेशान

**मैहर।** मैहर में बड़ी-बड़ी मिठाई की दुकानों में घटिया सामग्री से बनी मिठाई बेची जा रही है,जिसके सेवन से उपभोक्ता पेट की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। उपभोक्ताओं को 'ऊंची दुकान फीका पकवान' का अनुभव हो रहा है। बताया जा रहा है कि मानिकपुर से आने वाले महंगे खोवा के कारण मैहर के दुकानदार अब झांसी और ग्वालियर से सस्ता और घटिया खोवा मंगा रहे हैं। इस नकली खोवे को बनाने के लिए दूध से क्रीम निकालने के बाद बचे हुए पानी में केमिकल, शकरकंदी, सिंघाड़े का आटा, आलू, मैदा, यूरिया और वजन बढ़ाने के लिए स्टार्च व आयोडीन मिलाया जाता है। दीपावली से एक माह पूर्व से ही मिष्ठान विक्रेता खोवा खरीदकर फ्रीजर में स्टोर करते हैं। फ्रीजर में रखे खोवे का स्वाद और रंग बदलने पर मिठाइयों के निर्माण के समय केमिकल का अर्क डालकर उसे सफेद किया जाता है और अलग-अलग सेंट डालकर विभिन्न स्वादों वाली मिठाइयां बनाई जाती हैं। मिठाई बनाने वाले स्थानों पर सफाई का नामोनिशान नहीं होता है। कुछ दुकानदार यूपी से रेडीमेड मिठाई मंगवाकर उसका निर्माण कराते हैं। बेसन वाली मिठाइयों में भी शुद्ध बेसन की जगह खसरा और मटरा की दाल वाले बेसन और मैदे का उपयोग कर हानिकारक रंगों के साथ सस्ते रिफाइन तेल में मिठाइयां बनाई जा रही हैं।

#### खाद्य विभाग पर निष्क्रियता के आरोप

जिले के खाद्य विभाग के अधिकारियों पर बड़ी दुकानों के स्टोर रूम और निर्माण स्थलों का निरीक्षण न करने और आज तक एक भी केस न बनाने का आरोप है। यह भी बताया जा रहा है कि विभाग के अधिकारी सभी मिठाई विक्रेताओं से एकमुश्त 'चंदा' लेकर राशि घर भिजवा देते हैं,जिससे निरीक्षण नहीं होता है।

#### नकली मिठाई की पहचान के तरीके

उपभोक्ता मिठाई के अत्यधिक चमकीले या अप्राकृतिक रंग पर ध्यान दें। असली मिठाई का रंग हल्का और प्राकृतिक होता है। मिठाई का छोटा टुकड़ा पानी में डालने पर यदि रंग (पीला या गुलाबी) बदल जाए,तो उसमें हानिकारक रंग मिलाया गया है। मिठाई पर आयोडीन की कुछ बूँदें डालने पर यदि रंग बदले,तो

# बाइक चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार
## 4 लाख 40 हजार रुपए की 7 गाड़ियां बरामद

**सतना। सिटी कोतवाली पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरों के एक गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करके उनके पास से 6 मोटरसाइकिलें और एक स्कूटी बरामद करने में बड़ी कामयाबी हासिल की है। बरामद की गई इन सभी वाहनों की कीमत 4 लाख 40 हजार रुपये बताई गई है। नगर पुलिस अधीक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में सिटी कोतवाली टीआई रावेंद्र द्विवेदी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार,12 अक्टूबर को धवारी मल्लाह टोल निवासी अमित कुमार पचौरी पुत्र प्रदीप कुमार पचौरी ने सिटी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी होंडा साइन मोटरसाइकिल क्र.एमपी19 एम एफ 9070 5अक्टूबर को सुबह 11 बजे सब्जी मंडी भुंजवा टोला से चोरी हो गई थी। पुलिस ने अपराध क्र. 672/25 धारा 304(ब) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मुखबिरों को सक्रिय करने और वीडियो फुटेज के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर एक संदिग्ध को धर दबोचा।हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम राज पाल रजक पुत्र कलुआ रजक उम्र 25 वर्ष,निवासी कांटी,थाना अमानगंज,जिला-पन्ना,हाल मुकाम मुख्त्यारगंज,सतना



बताया। राजपाल रजक ने पूछताछ में अपने साथी मोहित विश्वकर्मा पुत्र राजकुमार विश्वकर्मा उम्र 22 वर्ष,निवासी आजाद चौक,सब्जी मंडी के साथ मिलकर और भी मोटरसाइकिलें चोरी करने की बात कबूल की। उसने बताया कि चोरी की गई मोटरसाइकिलें भोलू बसोर निवासी नारायण तालाब हवाई पट्टी बसोर बस्ती को बेच दी गई हैं। पुलिस दोनों आरोपियों को साथ लेकर भोलू बसोर के ठिकाने पर दबिश देने पहुंची। वहां से पुलिस को चोरी की गई 6 मोटरसाइकिलें और 1 स्कूटी बरामद हुई,जिनमें पल्सर मोटरसाइकिल, हीरो स्प्लेंडर प्लस,हीरो एचएफ डीलक्स, होंडा साइन, एक्टिवा स्कूटी, हीरो एचएफ डीलक्स और हीरो होंडा सुपर स्प्लेंडर शामिल हैं। हालांकि,आरोपी भोलू बसोर एक मोटरसाइकिल लेकर भागने में सफल रहा। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी राजपाल रजक और मोहित विश्वकर्मा को न्यायालय में पेश किया गया है। इस पूरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक अजीत सिंह (साइबर सेल),सउपनि हेमंत राज सिंह,सउपनि सुमित मरावी,प्रआर एमडी सिंह,प्रआर मुरारी मिश्रा, प्रआर मनोज कुमार,प्रआर राहुल सिंह,आर अजीत सिंह,आर गंभीर रावत,आर उपेश पाठक,आर धीरज यादव,आर सुभाष और आर लखनलाल शर्मा की भूमिका रही।

## कलेक्टर एवं एसपी ने चित्रकूट मेला स्थल का किया निरीक्षण



**सतना।** कलेक्टर सतना डॉ.सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने बुधवार को चित्रकूट पहुंच कर दीपावली मेला तैयारी, व्यवस्था तथा मेला स्थल का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने सती अनुसूइया और गुप्त गोदावरी में अधिकारियों के साथ भ्रमण कर क्राउड कन्ट्रोल,पार्किंग और श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन के लिए किये गये प्रबंधों का जायजा लिया। कलेक्टर ने चित्रकूट विकास प्राधिकरण के कर्यालय में स्थापित इंटीग्रेटेड कन्ट्रोल रूम का भी निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरे एवं ड्रोन के माध्यम से की जा रही निगरानी कार्य का जायजा लिया।

## आदिवासी समाज ने कलेक्ट्रेट में दिया धरना, कंजर्वेशन रिजर्व का विरोध

**सतना।** जिले में बुधवार को ग्रामीण और आदिवासी समुदायों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर एक दिवसीय आंदोलन किया। प्रदर्शनकारियों ने परसमनिया पठार और मझगवां क्षेत्र को वन विभाग द्वारा रिजर्व कंजर्वेशन में शामिल किए जाने का विरोध किया। उन्होंने एसडीएम सिटी को अपनी विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। आदिवासियों की मुख्य मांग है कि परसमनिया पठार और मझगवां क्षेत्र को रिजर्व कंजर्वेशन से मुक्त रखा जाए। उनका तर्क है कि ऐसा न होने पर वहां के ग्रामीणों और किसानों की आजीविका पर संकट आ जाएगा। कंजर्वेशन रिजर्व का कर रहे विरोध इसके अतिरिक्त,उन्होंने वन भूमि पर वर्षों से काबिज आदिवासी परिवारों का सत्यापन कर उन्हें मालिकाना हक दिलाने और वैध पट्टे जारी करने की मांग की। ज्ञापन में यह भी उल्लेख




किया गया कि जिन भूमियों पर आदिवासियों के नाम पट्टे दर्ज हैं, लेकिन उन पर अन्य व्यक्तियों का कब्जा है,उन्हें वास्तविक लाभार्थियों को वापस दिलाया जाए।

### एससी-एसटी एक्ट का सख्ती से पालन कराने की मांग

आदिवासियों ने यह भी शिकायत की कि अन्याय या जातिसूचक अपमान की घटनाओं पर पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं करती,इसलिए एससी-एसटी एक्ट का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने शहरी क्षेत्रों में निवासरत कोल जनजाति परिवारों का सर्वे कर उन्हें धारणा अधिकार के तहत पट्टे प्रदान करने का आग्रह किया,ताकि वे प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकें। आंदोलन के दौरान,एसडीएम राहुल सिलड़िया और सीएसपी देवेंद्र सिंह चौहान ने ग्रामीणों को समझाइश दी।

**वेतन संकट से जूझ रहे सांदीपनि विद्यालय के बस चालक-परिचालक**

## ठेकेदार पर मनमानी का आरोप; दिवाली तक भुगतान न होने पर बसें होंगी बंद

**मैहर।** मैहर जिले के सांदीपनि विद्यालय के बस चालक और परिचालक पिछले तीन महीनों से वेतन संकट से जूझ रहे हैं। कर्मचारियों ने सिद्धि विनायक ट्रांसपोर्टर देवास के ठेकेदार पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्हें पूरा मानदेय नहीं दिया जा रहा है,जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। चालक-परिचालकों ने चेतावनी दी है कि यदि दिवाली तक उन्हें पूरा भुगतान नहीं किया गया,तो वे बसें खड़ी कर देंगे और संचालन पूरी तरह बंद कर देंगे। उन्होंने बताया कि ठेकेदार की मनमानी के कारण समय पर वेतन न मिलने से परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने एसडीएम एसपी मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर इस मामले में हस्तक्षेप कर वेतन दिलाए जाने का अनुरोध किया है।




# किसानों ने कलेक्ट्रेट के सामने धरना देकर किया प्रदर्शन



**सतना।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के बैनर तले किसानों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट गेट के समक्ष धरना देकर मीटिंग की। किसान प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों के संबंध में प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपा। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि अतिवृष्टि के शिकार किसानों को एक ओर तो खाद,बीज की समस्या से जूझना पड़ रहा है,और दूसरी ओर उन पर बिजली के मनमाने बिल थोपे जा रहे हैं। कृषि भूमि अधिग्रहण और किसानों को आवासों से बेदखल किये जाने की कई घटनायें सामने आई हैं। भूमि अधिग्रहण का किसानों को मुआवजा दिये बगैर उनको बेदखल कर दिया जाता है। यही नहीं कृषकों को बिना मुआवजा दिये उनके सिर पर से छत भी छीन लिया है। संयुक्त किसान मोर्चा ने मुख्यमंत्री का ध्यान उक्त समस्याओं की ओर आकृष्ट करते हुये कहा कि किसानों की आत्महत्याओं की घटनायें लगातार बढ़ती जा रही हैं। सोयाबीन उत्पादक किसान अतिवृष्टि से फसल बर्वाद होने और उचित मूल्य न मिलने के कारण आत्महत्यायें करने को मजबूर हैं। ज्ञापन में किसानों की प्रमुख मांगें उठाते हुये कहा गया कि भावांतर नहीं समर्थन मूल्य दिया जाये। वर्तमान में किसानों को भावांतर का झांसा देकर लुभाया जा रहा है। जबकि इससे बड़ी कंपनियों को ही फायदा होता है। किसानों को सोयाबीन सहित सभी फसलों का समर्थन मूल्य दिलाया जाये। इससे कम मूल्य पर खरीदी करने पर कार्यवाही की जाये। धान का समर्थन मूल्य 3300 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया जाये।अतिवृष्टि से हुये नुकसान का संबंधित किसानों को हल्का पटवारी की रिपोर्ट पर उचित मुआवजा दिलाया जाये।बीमा कंपनियों द्वारा की जा रही लापरवाही और धोखाधड़ी पर कार्यवाही की जाये। खाद की उपलधता सुनिश्चित की जाये,बोवाई के पूर्व खाद का पर्याप्त भंडारण किया जाये, ताकि किसानों को समय पर आवश्यकता पडने पर खाद मिल सके। जमीन का जबरिया अधिग्रहण बंद किया जाये।किसानों को कम से कम 12 घंटे विद्युत आपूर्ति की जाये। बढ़ी विद्युत बिलों को निरस्त किया जाये। आत्म हत्या करने वाले किसानों को परिजनों को पर्याप्त सहायता एवं एक आश्रित को शासकीय नौकरी दी जाये। टैरिफ और मुक्त व्यापार समझौतों से राहत दिलाने के लिये सरकार किसानों को अंतर की राशि का भुगतान करे।कपास उत्पादक किसानों की भरपायी की जाये। रबी फसल समर्थन मूल्य का पुनर्निर्धारण किया जाये। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों की तुलना में समर्थन मूल्य की दरें अनुचित और अपर्याप्त हैं,अतः इनमें शीघ्र परिवर्तन किया जाये।

## कत्थक की लय पर थिरका एकेएस विश्वविद्यालय

**सतना।** एकेएस विश्वविद्यालय का विवेकानंद सभागार गत 13,14 और 15 अक्टूबर को भारतीय शास्त्रीय नृत्य की गूंज से सराबोर रहा। विश्वविद्यालय के कल्चरल डायरेक्टरेट के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय कत्थक वर्कशॉप में देश की सुप्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना एवं गुरु विदुषी महुआ शंकर ने विद्यार्थियों और नृत्य प्रेमियों को कत्थक की गूढ़ तकनीकों से अवगत कराया। इस कार्यशाला में उनके साथ शाश्वत ईशान शंकर ने सह-निर्देशक की भूमिका निभाई। वर्कशॉप के दौरान प्रतिभागियों को नकेवल कत्थक की बुनियादी शिक्षा दी गई,बल्कि इसकी गहराई,भाव,ताल और नाट्य-अभिव्यक्ति के विविध पक्षों पर भी व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तीनों दिनों में विवेकानंद सभागार में लय,ताल और घुंघरुओं की गूंज के साथ कत्थक की पारंपरिक शैली जीवंत होती रही। विदुषी महुआ शंकर ने तथकार,हस्तक,चक्कर,अंग-संचालन और नयनाभिनय जैसे शास्त्रीय तत्वों पर विशेष ध्यान दिया। उन्होंने लखनऊ और बनारस घराने की विशिष्टताओं को विस्तार से समझाया और प्रतिभागियों को अभ्यास करवाया। वर्कशॉप के अंतिम दिन प्रतिभागियों ने सीखी गई प्रस्तुतियों का मंचन भी किया, जिसे दर्शकों और शिक्षकों ने खूब सराहा। शाश्वत ईशान शंकर ने तकनीकी निर्देशन में सक्रिय भूमिका निभाते हुए युवा प्रतिभाओं को मार्गदर्शन



प्रदान किया और उन्हें कत्थक के प्रति प्रेरित किया। प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला को एक अत्यंत समृद्ध और प्रेरणादायक अनुभव बताया। एकेएस विश्वविद्यालय के कुलपति व कल्चरल डायरेक्टरेट ने इस आयोजन को विश्वविद्यालय के सांस्कृतिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उनका कहना था कि इस प्रकार की कार्यशालाएं न केवल छात्रों की कलात्मक क्षमता को विकसित करती हैं,बल्कि उन्हें भारतीय सांस्कृतिक विरासत से भी जोड़ती हैं। तीन दिवसीय इस कत्थक वर्कशॉप ने नृत्य में रुचि रखने वाले प्रतिभागियों को एक नई दृष्टि,आत्म विश्वास और परंपरा से जुड़ाव का अहसास कराया।

# शादी का झांसा देकर बलात्कार, आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** थाना नागौद पुलिस ने शादी का झांसा देकर एक नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान विजय कुमार प्रजापति 25 वर्ष के रूप में हुई है,जो ग्राम गुलुआ, पवइया का रहने वाला है। घटना का विवरण नागौद पुलिस को पीड़िता के पिता ने अपनी बेटी के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की और लापता लड़की की तलाश में जुट गई। 14 अक्टूबर को लड़की को ढूंढ निकाला गया। पूछताछ के दौरान पीड़िता ने बताया कि ग्राम गुलुआ,पवइया के विजय प्रजापति ने उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ ले गया था और उसके साथ गलत काम (दुष्कर्म) किया। पीड़िता के बयान के आधार पर नागौद थाने में आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 69 के तहत मामला दर्ज किया गया।

**आरोपी की गिरफ्तारी** मामला दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर ही पुलिस ने आरोपी विजय कुमार प्रजापति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने के बाद उसे न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया,जहाँ



से उसे जेल भेज दिया गया है।

**सराहनीय भूमिका:** इस मामले में पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना के निर्देश पर, एसडीओपी नागौद के मार्गदर्शन में,थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक पांडे के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। आरोपी को पकड़ने में निरीक्षक अशोक पांडे,उपनिरीक्षक आर.पी. वर्मा (चौकी प्रभारी पौड़ी), प्रधान आरक्षक राजेंद्र पांडे और पंकज मिश्रा की भूमिका रही।

## राज्य निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक मैहर में करेंगे आमजनों से मुलाकात

**सतना।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल द्वारा ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों की मतदाता सूची पुनरीक्षण 2025 के लिए प्रेक्षक अनंत नारायण अरोरा को नियुक्त किया गया है। नियुक्त प्रेक्षक आमजन से मुलाकात करने के लिए 19 अक्टूबर 2025 तक प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे के बीच कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभागार में उपस्थित रहेंगे। मैहर एसपी अवधेश प्रताप सिंह ने किया रामनगर थाने का निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजामैहर। मैहर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अवधेश प्रताप सिंह ने बुधवार को पहली बार रामनगर थाने का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई,अभिलेख संधारण और रिकॉर्ड रजिस्टर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसपी ने लंबित प्रकरणों की स्थिति की जानकारी ली और पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान प्राथमिकता से किया जाए। उन्होंने कहा कि थाना स्तर पर अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखना पुलिस की पहली जिम्मेदारी है। इस दौरान थाना प्रभारी विजय त्रिपाठी समेत सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

नगर परिषद देवेन्द्रनगर के अध्यक्ष पति ललित गुप्ता के ऊपर तीन फायर पिस्टल से किये गये एक राईट कान के पास तो दो फायर राईट हाथ में

# गोली चलने का कारण अभी भी बना हुआ अज्ञात, कोई प्लंम्बर साहू ने चलाई गोली?

**देवेन्द्रनगर नगर परिषद अध्यक्ष के पति ललित गुप्ता के ऊपर आखिर गोली चलने की घटना दिन-दहाडे दोपहर 1 बजे के लगभग बताई जा रही है। गोली चलाने वाला छतरपुर जिले के राजनगर थाना अंतर्गत ग्राम विक्रमपुर का निवासी जो पिलम्बर का कार्य करना बताया जा रहा है जो चर्चा में है। गोली चलाने की वजह अभी भी अज्ञात समाचार लिखे जाने तक फरियादी ने भी नहीं की एफआईआर।**







**पन्ना।** जिले के कस्बा देवेन्द्रनगर नगर परिषद अध्यक्ष पति ललित गुप्ता के ऊपर गोली चलने की घटना अचानक चर्चा में आ चुकी है। गोली पिस्टल या कट्टे से बताई जा रही है। वहीं गोली चलाने वाला व्यक्ति कोई प्लम्बर बताया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो छतरपुर जिले के राजनगर थाना अंतर्गत ग्राम विक्रमपुर निवासी पिलम्बर का कार्य करने वाला व्यक्ति आखिर गोली चलाने को मजबूर हुआ या चलाने के लिए कोई अलग वजह है। सवाल अभी भी कई तरह से चर्चा में है। वहीं समाचार लिखे जाने तक फरियादी ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई की नहीं जो अभी भी सवालो के घेरे में है। इतना ही नहीं तीन फायद किये गये एक राईट कान के पास से तो वहीं दो राईट हांथ गोली लगने की बात बताई जा रही है। पर जान जोखिम वाले हालात से बचना भी बड़े सौभाग्य की बात रही। जिस तरह से तीन फायर वहीं इस मामले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक पन्ना से बात की गई तो पता चला कि मामले में जीरो पर कायमी की गई है। क्योंकि फरियादी को गोली लगी है साथ ही एयर एम्बूलेंस के माध्यम से उपचार के लिए रवाना किया जा रहा है। इस तरह से अब यह पुलिस की पड़ताल के बाद ही स्पष्टतौर पर मामला सामने आयेगा फिलहाल तो उपचार की दिषा को लेकर एयर एम्बूलेंस के माध्यम से अध्यक्ष पति को उपचार को लेकर दिषा तय की जा रही है। वहीं पुलिस अभी भी गोली चलाने वाले का स्पष्ट नाम नहीं बयां कर रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि अभी यह मामला चर्चा का विषय ही माना जा रहा है। आखिर तरह-तरह से चर्चायें व्याप्त है। आखिर गोली चलाने वाले से क्या विवाद था या गोली चलाने के पीछे कोई वजह वहीं देवेन्द्रनगर नगर परिषद अध्यक्ष पति ललित गुप्ता पूर्व मण्डल अध्यक्ष भाजपा भी है। निष्चितौर पर कहीं न कहीं इस समय यह घटना राजनैतिक रूप से भी अहम मानी जा रही है। देखना यह है कि कब तक होगा खुलाषा आखिरकार किसने चलाई गोली इसके पीछे क्या वजह, कारण अभी भी अज्ञात।

## कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 2 अलग-अलग प्रकरणों में फरार स्थाई वारंटी को किया गया गिरफ्तार



**पन्ना।** पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशानुसार पन्ना जिले में स्थाई, साक्षी एवं गिरफ्तारी वारंट की तामीली हेतु विशेष अभियान चालाया जा रहा है । पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चैहान के मार्गदर्शन में पन्ना जिले के समस्त थाना-चैकियों में थाना/चैकी प्रभारी के नेतृत्व में अधिक से अधिक वारंटों की तामीली किये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया था । इसी तारतम्य में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त दी गई कि एक स्थाई वारण्टी लोकपाल सागर तालाब के पास बैठा है । पुलिस टीम द्वारा तत्परता पूर्वक मुखबिर के बताये स्थान पर जाकर स्थाई वारण्टी राजकुमार गौङ पिता परमलाल गौङ उम्र 28 साल निवासी पुरूषोत्तमपुर थाना कोतवाली पन्ना को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया । आरोपी के माननीय न्यायालय पन्ना के प्रकरण क्रमांक 04/22 धारा 399, 402, ताहि0 25(बी), 25/27 आम्र्स एक्ट एवं माननीय न्यायालय सी.जे.एम. महोदय पन्ना के प्रक.क्र. 1157/18 धारा 323,324,353,294,506,34 में फरार था। माननीय न्यायालय द्वारा वर्ष 2023 में आरोपी के स्थाई वारण्ट जारी किये गये थे। उक्त दोनो प्रकरणों में फरार आरोपी आरोपी राजकुमार गौङ पिता परमलाल गौङ उम्र 28 साल निवासी पुरूषोत्तमपुर थाना कोतवाली पन्ना आज 15.10.2025 को लोकपाल सागर तालाब के पास पन्ना से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समझ पेश किया गया। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रोहित मिश्रा, प्र.आर. बृषकेतु रावत, अशोक सिंह, रज्जाक खान पुलिस लाईन पन्ना, आर. सत्यनारायण अग्निहोत्री, आर. शैलेन्द्र बागरी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा उक्त पुलिस टीम के कार्य की प्रशंसा की गई है।

## मिष्ठान दुकानों में प्रशासन एवं खाद्य विभाग की टीम ने किया निरीक्षण, लिए मिठाईयों के नमूने







**पवई।** आगामी दीपावली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए पन्ना कलेक्टर श्रीमती ऊषा सिंह परमार के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा एवं जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों के सघन निरीक्षण एवं आवश्यकता अनुसार नमूना लेने की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी क्रम में बुधवार को तहसील क्षेत्र पवई में एसडीम समीक्षा जैन के मार्गदर्शन एवं तहसीलदार त्रिलोक सिंह के साथ खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया और आवश्यकता अनुसार नमूना लेने की कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के तहत हरिओम बीकानेर मिष्ठान भंडार पवई के गोदाम से मावा का नमूना लिया गया है, इसके अतिरिक्त दीपक मिष्ठान भंडार बस स्टैंड,बीकानेर मिष्ठान भंडार बस स्टैंड, कृष्णा होटल पवई, अन्नपूर्णा होटल पवई एवं मां कलेही दूध डेरी का भी निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही की गई है। यह कार्यवाही खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार राय द्वारा की गई।

## अमर शहीद क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को भारत रत्न की उपाधि से विभूषित किया जाने की मांग



**अजयगढ़।** देश की स्वतंत्रता में अपना महान योगदान देने वाले अमर शहीद क्रांतिकारी भीष्म पितामह की तरह अपनी प्रतिज्ञा पर अटल रहने वाले क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को भारत रत्न की उपाधि से विभूषित किया जाने की मांग स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिषद के अध्यक्ष श्री राम पाठक ने शासन प्रशासन से की है उन्होंने आजाद को भारत रत्न की उपाधि से विभूषित किया जाने की मांग उठाते हुए कहा कि अमर शहीद क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद एक ऐसे महान बलदानी थे महान वीर थे जिन्होंने प्रयागराज में अल्फ्रेड पार्क में सैकड़ो अंग्रेजों से अकेले मुकाबला करते हुए कई अंग्रेजों को घायल करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दे दिया था उन्होंने प्रतिज्ञा की थी कि उन्हें जीते जी कभी अंग्रेज पकड़ नहीं पाएंगे जिस पर वह आजीवन कायम रहे जब वह समझ गए कि उनका अंतिम समय आ गया है उनके पास मात्र एक गोली बची थी तो उन्होंने वह बोली अपने ऊपर चला करके अपना बलिदान दे दिया अंग्रेजों को उनका इतना भाई था कि उनके मृत शरीर के पास जाने की हिम्मत भी उनके पास नहीं थी उनके बलिदान हो जाने के बाद कई गोलियां उनके मृत शरीर में मारी गई यह जानने के लिए की कहानी वह जिंदा तो नहीं है अमर शहीद क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह सुखदेव राजगुरु अशफाक उल्ला खान रामप्रसाद बिस्मिल रोशन सिंह भगवती चरण बौहरा जैसे कई क्रांतिकारी थे जो उन्हें के समान बलदानी थे भारत माता के इन सच्चे सपूतों ने देश की स्वतंत्रता में अपना बलिदान दिया इनके त्याग और बलिदान के बारे में आज की युवा पीढ़ी परिचित हो सके इसके लिए प्रत्येक जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी धाम का निर्माण कराया जाना चाहिए क्योंकि देश की स्वतंत्रता में देश के प्रत्येक जिला प्रत्येक तहसील के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का योगदान रहा है उनके त्याग और बलिदान पर मिली स्वतंत्रता के कारण आज के नेता सत्ता सुख भोग रहे हैं पार्कों में अश्लील मूर्तियां लगाई जाती है लेकिन सफलता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाएं वहां पर नहीं लगाई जाती श्री पाठक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मांग करते हुए कहा की अमर शहीद क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद जी को भारत रत्न की उपाधि से विभूषित किया जाए उनके साथियों को भी भारत रत्न की उपाधि से विभूषित किया जाए उन्होंने बताया कि शीघ्र स्कूलों में कॉलेज में और आम जनता के बीच में जाकर के एक हस्ताक्षर अभियान भी इस संबंध में चलाया जाएगा जिसके माध्यम से मांग की जाएगी की अमर शहीद क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को भारत रत्न की उपाधि से विभूषित किया जाए।

## वन विभाग व राजस्व विभाग सीमाओं को लेकर आमने-सामने, नगर परिषद कार्यालय की बिल्डिंग विवादों में

### तालाब के डूब क्षेत्र वन भूमि पर ही नगर परिषद भवन का निर्माण क्यों?



**गुनौर।** नगर परिषद द्वारा प्रस्तावित भवन निर्माण को लेकर वन विभाग और राजस्व विभाग के बीच टकराव की स्थिति बन गई है। बताया जा रहा है कि नगर परिषद ने जिस भूमि पर भवन निर्माण का कार्य का भूमि पूजन कराया है, वह भूमि वन विभाग की बताई जा रही है। इसी को लेकर दोनों विभागों में अधिकार क्षेत्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया है।सूत्रों के अनुसार, नगर परिषद ने इस भूमि पर भवन निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू करते हुए कार्यस्थल पर जेसीबी मशीनें लगवा कर भूमि पूजन कराया गया इस पर वन विभाग के अधिकारीयों ने मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य रुकवाया और दावा किया कि यह भूमि वन विभाग की सीमाओं में आती है, जिस पर बिना अनुमति निर्माण कार्य नहीं किया जा सकता। स्थानीय लोगों में भी इस मुद्दे को लेकर चर्चा तेज है। कुछ लोगों का कहना है कि प्रशासनिक स्तर पर समन्वय की कमी के कारण विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है।प्रशासन ने अब इस मामले में दोनों विभागों से अभिलेख मांगे हैं ताकि भूमि की स्थिति स्पष्ट की जा सके। फिलहाल, विवाद के चलते भवन निर्माण कार्य फिलहाल रुका हुआ है वही आज मौके पर गुनौर तहसीलदार वह फॉरेस्ट के कर्मचारी पहुंचे और तहसीलदार ने कहा की यहा आपकी जमीन नहीं है यदि है तो आप अपने कागज लेकर के आए वही फॉरेस्ट विभाग से आए कर्मचारियों ने कहा यह विभाग फॉरेस्ट विभाग की है, वही वर्षों पुराने बालाजी तालाब को नष्ट करने की योजना बनाई जा रही है नगर गुनौर में वैसे भी वाटर लेवल कम रहता है। शिकायत पर पहुचे वन विभाग और राजस्व विभाग का अमला नगर परिषद सीएमओ मौके पर पहुंचे प्राकृतिक धरोहर नष्ट किया जा रहा है नगर परिषद द्वारा नगर वासियों में आक्रोश 100 साल पुराना तालाब को पुर कर बनाई जा रही है नगर परिषद की नवीन बिल्डिंग जबकि नगर के अंदर बहुत सी जमीन पड़ी हुई है इसके बाद भी तालाब के अंदर नवीन बिल्डिंग बनाई जा रही है इस विषय पर बोलने के लिए कुछ तैयार नहीं है।

#### इनका कहना-

वनविभाग बालों से बोला है वह अपना रिकॉर्ड उपलब्ध कराएं और नोटिफिकेशन जारी करे तब तक कुछ नहीं होगा।
**- तहसीलदार गुनौर**

भूमि पूजन हो गया है अब राजस्व और वन विभाग की क्लियर नहीं कर पा रही है कि किसकी जमीन है।
**सीएमओ - प्रवेशपाल नगर परिषद गुनौर**

## विश्व हाथ धुलाई दिवस पर पवई में जागी स्वच्छता की चेतना





**पवई।** 15 अक्टूबर 2025 स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जगाने हेतु विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर पवई विकासखंड के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी विविध गतिविधियों का जीवंत आयोजन हुआ। जनपद शिक्षा केंद्र पवई की टीम ने शासकीय मॉडल स्कूल पवई, शासकीय हाई स्कूल मुराछ, शासकीय माध्यमिक शाला नन्ही पवई तथा शासकीय माध्यमिक शाला उमरिया पहुंचकर हाथ धुलाई कार्यक्रमों का अवलोकन किया। विकासखंड अकादमिक समन्वयक रघुवीर तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ हाथ ही स्वस्थ जीवन की प्रथम शर्त हैं। उन्होंने बच्चों से आग्रह किया कि हाथ धोने की इस सरल किन्तु महत्त्वपूर्ण आदत को अपने व्यवहार में स्थायी रूप से समाहित करें। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी परिवार से लेकर समाज और राष्ट्र तक की स्वच्छता के लिए स्वयं जागरूक बनें और दूसरों को भी प्रेरित करें।मास्टर ट्रेनर सौरभ जैन ने विद्यार्थियों को हाथ धुलाई की वैज्ञानिक प्रक्रिया और उसके छह चरणों का सूक्ष्म प्रशिक्षण दिया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वच्छता के इस अभियान को सार्थकता प्रदान की।कार्यक्रम की सफलता में शा. मॉडल स्कूल पवई के प्राचार्य जीतेंद्र सोनी, शा. हाई स्कूल मुराछ के प्राचार्य रामसेवक सिंह, शा.माध्यमिक शाला नन्ही पवई के प्रधानाध्यापक प्रेम सागर कुंवर तथा शा. माध्यमिक शाला उमरिया के प्रधानाध्यापक अशोक सोनी का सहयोग विशिष्ट रूप से उल्लेखनीय रहा। इस आयोजन से न केवल बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि स्वच्छ भारत के संकल्प को भी नई ऊर्जा एवं दिशा प्राप्त होगी।

## अजयगढ़ में दीपावली के लिए पटाखा विक्रेताओं की बैठक सुरक्षा और नियमों पर जोर



**अजयगढ़।** दीपावली पर्व को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए स्थानीय प्रशासन ने पटाखा विक्रेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन थाना प्रांगण में किया। बैठक में पटाखा दुकानों के लिए शासन द्वारा निर्धारित नियमों और सुरक्षा उपायों पर विस्तृत चर्चा हुई। लाइसेंस की अवधिरू शासन द्वारा जारी पटाखा बिक्री लाइसेंस 18 अक्टूबर से ग्यास (दीपावली) तक प्रभावी रहेगा। सुरक्षा दिशा-निर्देश दो दुकानों के बीच कम से कम 90 मीटर की दूरी अनिवार्य। प्रत्येक दुकान में टीन शेड का उपयोग करना होगा। प्राथमिक उपचार के लिए फस्ट एड बॉक्स उपलब्ध होना चाहिए।आग से बचाव के लिए फायर ब्रिगेड, रेत की बाल्टियाँ, पानी, और फायर सिलेंडर की व्यवस्था अनिवार्य। यातायात व्यवस्था-साप्ताहिक बाजार के दिन माधोगंज चैराहे से तहसील तिराहे तक सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। नियमों का उल्लंघन- शासन की नियमावली का पालन न करने वाले विक्रेताओं का लाइसेंस तत्काल रद्द कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थिति बैठक की अध्यक्षता एसडीएम आलोक मार्को ने की। इस दौरान एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया, सीएमओ राजेंद्र सिंह, थाना प्रभारी बख़त सिंह, राजस्व प्रभारी बृजेन्द्र तिवारी सदर पटवारी दीपेंद्र तिवारी और सभी पटाखा विक्रेता उपस्थित रहे।प्रशासन का संदेशरू दीपावली के उत्सव को सुरक्षित और हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए सभी विक्रेताओं से नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की गई।यह व्यवस्था न केवल नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि पर्व के उत्साह को भी दोगुना करेगी।

### खबर संक्षेप

## हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का मंत्र पीएम मोदी का लक्ष्य - बृजेंद्र प्रताप सिंह



**पन्ना।** भारतीय जनता पार्टी पन्ना द्वारा स्थानीय लव कुश वाटिका मेंआत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को लेकर विधानसभा स्तर का सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य रूप से विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, सदानंद गौतम श्रीमती मीना राजे परमार श्री विष्णु पांडे संतोष यादव श्रीमती पूनम यादव श्रीमती कविता चाणक्य रैकवार श्रीमती आशा गुप्ता श्रीमती शशि राजे परमार श्रीमती सीता गुप्ता दीपेंद्र सिंह बुंदेला कमल लालवानी कैलाश गुप्ता धीरेंद्र बाजपेई, धीरेंद्र लोधी, सुरेश यादव, दुर्गेश शिवहरे, आशीष तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर जो स्वदेशी का मंत्र है उसे जन आंदोलन बनाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने विभिन्न कार्यक्रमों की रचना की है। हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी इस मंत्र को लेकर हमारा यह लक्ष्य विश्व के सामने प्रकट हे। आत्म निर्भर भारत को लेकर भाजपा द्वारा महिला सम्मेलन व्यापारी सम्मेलन विधानसभा सम्मेलन इत्यादि की रचना की गई है। घर घर स्वदेशी अपनाने के लिए विधानसभा स्तर पर सम्मेलन सारे प्रदेश में हो रहे हैं और आज बुधवार को पन्ना विधानसभा का सम्मेलन भी आयोजित किया गया हे। उन्होंने कहा कि इस समय विश्व के सभी देश अपने देश की अर्थव्यवस्था अपने देश को उत्पादन के बारे में सोच रहे हैं श्री सिंह ने कहा कि कभी वेट बना था विश्व व्यापार संगठन जो अब समाप्त जैसा ही है चाइना अमेरिका जैसे देश केवल अपनी अर्थव्यवस्था की चिंता ही कर रहे हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी के आव्हान पर यह जो स्वदेशी का अभियान है किस प्रकार से भारत आत्म निर्भर बने और आत्म निर्भर भारत से ही हम विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि स्वदेशी के आधार पर आज भारत लगातार आगे बढ़ रहा है आज हम जापान को पीछे छोड़कर विश्व की चैथी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं आने वाले तीन वर्षों में हम जर्मनी को पीछे छोड़कर विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बन जायेंगे।

## अमानगंज में हुआ पेटीएम पैरेंट्स-टीचर मीटिंग का आयोजन



**अमानगंज।** रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, अमानगंज में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत त्रैमासिक परीक्षा फल घोषित एवं पेटीएम पैरेंट्स-टीचर मीटिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों और शिक्षकों के बीच समन्वय स्थापित करते हुए विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर चर्चा करना रहा। इस अवसर पर स्कूल प्राचार्य व शिक्षकों की उपस्थिति में अभिभावकों को छात्रों के परीक्षा परिणाम, कक्षा में व्यवहार, उपस्थिति, और समग्र विकास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में कई अभिभावकों ने अपने विचार भी साझा किए और स्कूल के शैक्षणिक माहौल एवं तकनीकी पहल की सराहना की। शिक्षकों ने भी अभिभावकों से संवाद स्थापित कर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।यह आयोजन अभिभावक, शिक्षक और विद्यालय के त्रिकोणीय सहयोग को और मजबूत करने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

## अमानगंज की आशी नायक का 'जूनियर मिस इंडिया ग्रैंड फिनाले' के लिए हुआ चयन

**अमानगंज।** हीरों की नगरी पन्ना जिले के सुंदर कस्बे अमानगंज की बेटी आशी नायक ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। रॉयल चिल्ड्रन पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल, अमानगंज में कक्षा 10वीं की छात्रा आशी नायक का चयन प्रतिष्ठित जूनियर मिस इंडिया ग्रैंड फिनाले के लिए हुआ है, जो जयपुर (राजस्थान) में आयोजित होने वाला है।आशी नायक, रमाकांत नायक (रममू) की सुपुत्री हैं। उनके इस चयन से परिवार, स्कूल और पूरे कस्बे में खुशी की लहर है। आशी की प्रतिभा, आत्मविश्वास और मंच पर



प्रस्तुति की कला ने निर्णायक मंडल का ध्यान आकर्षित किया, जिससे उन्हें फिनाले में स्थान मिला।स्कूल प्रबंधन, शिक्षकों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आशी को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। क्षेत्रवासियों को आशी से उम्मीद है कि वह फिनाले में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अमानगंज और पन्ना जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन करेंगी।बेटियों की इस तरह की उपलब्धियाँ समाज के लिए प्रेरणा स्रोत बनती हैं और यह साबित करती हैं कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाएं भी किसी से कम नहीं होतीं।

# अवैध शराब की बड़ी खेप पुलिस ने पकड़ी

## 5 लाख कीमत की 80 पेटी शराब जप्त

छतरपुर।



पुलिस के द्वारा दीपावली के पहले शराब के अवैध परिवहन पर कार्यवाही करते हुए लाखों की कीमत की शराब पकड़ी गई है और चार आरोपियों पर मामला दर्ज किया गया है। सिटी कोतवाली थाना में पदस्थ उप निरीक्षक नंदकिशोर सोलंकी को रात्रि गस्त के दौरान मुखबिर के द्वारा सूचना मिली की बड़ी मात्रा में शराब का अवैध परिवहन किया जा रहा है। मामले की जानकारी उन्होंने सिटी कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद सिंह दांगी को दी और थाना प्रभारी के निर्देश पर उप निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पिकअप वाहन का पीछा किया गया। पीछा करते हुए पुलिस सरानी रोड पहुंची जहां आरोपी पिकअप वाहन से अवैध शराब फेंककर मौके से फरार हो गए। सिटी कोतवाली थाना पुलिस के द्वारा अवैध शराब को जप्त किया गया है जिसमें 720 लीटर 5 लाख रूपए कीमत की 80 पेटी अवैध शराब पुलिस ने जप्त कर 4 आरोपी नीकेश राय निवासी छतरपुर, धीरेन्द्र राय निवारी, कल्लू मच्छर उर्फ कल्लू कुशवाहा निवासी हमा, बद्दू यादव निवासी ग्राम बरकौंहा के ऊपर आबकारी अधिनियम 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# आशा कार्यकर्ताओं ने दीपावली से पहले मानदेय भुगतान की उठाई मांग



छतरपुर। जिले की समस्त ब्लॉकों एवं शहरी क्षेत्र की आशा कार्यकर्ताओं ने दीपावली से पहले उनका रुका हुआ मानदेय और प्रोत्साहन राशि का भुगतान करने की मांग की है। इस संबंध में आशा कार्यकर्ता संघ की जिलाध्यक्ष हीरादेवी सिंह चंदेल के नेतृत्व में आशा बहनों ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा।
आशा कार्यकर्ताओं ने बताया कि एनएचएम के आदेश के अनुसार प्रत्येक माह 20 से 25 तारीख तक बाउचर जमा करने की प्रक्रिया पूर्ण की जाती है और 1 से 5 तारीख तक प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाना चाहिए। इसके बावजूद पिछले दो महीनों से मानदेय और प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों को दीपावली से पहले वेतन और बोनस मिल जाता है, लेकिन आशा कार्यकर्ताओं को समय पर भुगतान नहीं किया जाता। जबकि आशा कार्यकर्ता 24 घंटे ड्यूटी पर रहती हैं और स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ मानी जाती हैं। भुगतान समय पर न होने से आशा कार्यकर्ताओं के घरों में त्यौहार का उत्सव अधूरा रह जाता है, बच्चे नए कपड़े और मिठाई तक नहीं ले पाते। आशा बहनों ने यह भी मांग की कि केन्द्र सरकार द्वारा एनआईओएस के तहत जो परीक्षा कराई गई है, उसका प्रमाण पत्र जल्द जारी किया जाए और इसके लिए निर्धारित 5000 की राशि का भुगतान भी आशाओं को किया जाए। जिलाध्यक्ष हीरादेवी सिंह चंदेल ने कहा कि आशा बहनों को दो माह से मानदेय नहीं मिला है। जब लाड़ली बहनों की किश्त समय पर आ सकती है तो फिर आशाओं को भुगतान में देरी क्यों? अगर दीपावली से पहले भुगतान नहीं हुआ तो आशा कार्यकर्ता उग्र आंदोलन करेंगी। इस मौके पर संध्या सोनी, रजनी जैन, छाया अवस्थी, राजकुमारी विश्वकर्मा, बबलीराजा, सुधा अग्रवाल, अरूण राजा, सुचेता सहित अनेक आशा कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

# दिव्यांगों के लिए लगाया गया विशेष स्वास्थ्य शिविर



चंदला। नगर परिषद के मीटिंग हॉल में बुधवार को दिव्यांगों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में छतरपुर से आई डॉक्टरों की टीम ने दिव्यांगजनों की स्वास्थ्य जांच कर पात्र लाभार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। जानकारी देते हुए जेलर आई डॉक्टर आर.के. वर्मा ने बताया कि आज आयोजित कैंप में कुल 21 पात्र दिव्यांगजन को प्रमाणपत्र जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि अक्सर छतरपुर में होने वाले इन कैंपों में दूर-दराज के ग्रामीण नहीं पहुंच पाते, इसी कारण अब टीम द्वारा सभी ग्राम पंचायतों और नगर परिषदों में पहुंचकर कैंप आयोजित किए जा रहे हैं।यह शिविर बछौन कैंप के नाम से आयोजित किया गया, जिसे इस बार चंदला नगर परिषद में लगाया गया। इसका उद्देश्य पात्र दिव्यांगजनों की जांच कर उन्हें प्रमाणपत्र उपलब्ध कराना और उनकी पात्रता के अनुसार शासकीय सुविधाएं दिलवाना है। कैंप में जिला चिकित्सकों के साथ चंदला स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर और नगर परिषद की टीम भी मौजूद रही। मौके पर बड़ी संख्या में दिव्यांगजन लाभ लेने पहुंचे।

हर मां और बच्चा बने स्वस्थ और सशक्त

# एक साथ 30 अधिकारियों ने 33 आंगनबाड़ी केंद्रों में टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया

## मातृ-शिशु मृत्यु दर रोकने एवं कुपोषण उन्मूलन की दिशा में बड़ा कदम

## अभी तक 339 टीकाकरण केंद्रों का निरीक्षण किया गया



**छतरपुर। कलेक्टर छतरपुर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में मातृ शिशु मृत्यु दर को रोकने एवं बच्चों में कुपोषण की संभावना को कम करने सेवा पखवाड़ा के दौरान शुरू किया गया नवाचार जारी है। नवाचार के माध्यम से जिले के लगभग 1 हजार टीकाकरण केंन्द्रों का निरीक्षण किया जाएगा। अभी तक 339 केंन्द्रों का निरीक्षण किया जा चुका है।**

नवाचार के तहत मंगलवार को एक दिन में 30 अधिकारियों द्वारा 33 आंगनबाड़ी केंद्रों में आयोजित होने वाले ग्राम स्वच्छता पोषण दिवस सत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अधिकारियों द्वारा आंगनबाडिय़ों में आयोजित टीकाकरण केन्द्रों में वजन मशीन, बीपी उपकरण, स्टडियोमीटर, फोलिक एसिड, आयरन फोलिक एसिड, कैल्शियम कार्बोनेट विटामिन डी, एल्वेंडाजाल 400 मिली ग्राम एवं सीरप अमोक्सिलीन 125 एमजी की उपलब्धता की जांच की गई। साथ ही निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने गर्भवती एवं धात्री महिला की संख्या सहित सत्र के दौरान लक्षित गर्भवती माताओं की संख्या एवं किए गए टीकाकरण की संख्या, जांच, चिन्हित की गई हाई रिस्क एवं रिफर की गई महिलाएं, ड्यू लिस्ट अनुसार आवश्यक वैक्सीन की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए आवश्कता निर्देश दिए गए।

### बच्चो का टीकाकरण एवं परीक्षण की जांच

अधिकारियों के द्वारा सत्र के दौरान लक्षित बच्चो की संख्या, अवलोकन के समय टीकाकृत बच्चों की संख्या, सत्र के दौरान कितने बच्चो की एनीमिया की जाँच की गई आदि जानकारी ली गई। साथ ही अति कुपोषित बच्चो का चिकित्सीय जटिलता हेतु परिक्षण, एनआरसी में रिफर किए गए बच्चे, एनआरसी में रिफर किया गया। एएनएम व वैक्सीनेटर के द्वारा यूविन पोर्टल पर एंट्री की जा रही है या नहीं एवं अनमोल 2.0 में एंट्री की जा रही है या नहीं आदि की जानकारी लेते हुए जांच की गई। अधिकारियों द्वारा निर्देशित किया गया कि गर्भवती महिलाओं एवं शिशुओं का शतप्रतिशत एएनसी जांच एवं टीकाकरण सुनिश्चित किया गया। साथ ही बच्चों को विटामिन सिरप पिलाने और उनके बेहतर पोषण और जरूरत पडऩे पर एनआरसी में उपचार सुनिश्चित कराया गया। नवाचार के तहत करीब 1 हजार टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण किया जाएगा। ताकि मातृ शिशु मृत्यु दर को रोका जा सके एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए बच्चों में पोषण सुनिश्चित किया जा सके। मातृ मृत्यु और कुपोषण की गंभीरता को समझते हुए कलेक्टर श्री जैसवाल ने नवाचार करते हुए मंगल दिवस पर अधिकारियों से रोस्टर अनुसार आंगनबाडिय़ों में टीकाकरण सत्रों का निरीक्षण कराया जा रहा है। जिससे गर्भवती, धात्री महिलाओं व शिशुओं की जांच स्वास्थ्य कर्मियों से बेहतर और व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित कराई जा सके।



# 1 नवम्बर 2025 को जिले में आयोजित होगा युवा उत्सव

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 29वां जिला स्तरीय युवा उत्सव की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अगम जैन, खेल अधिकारी राजेन्द्र कोष्टा, शासकीय एवं निजी कॉलेज के प्रोफेसर, युवा समन्वयक एवं खेल प्रशिक्षक उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने बैठक में निर्देश दिये कि इस बार युवा उत्सव को और अधिक भव्यता के साथ आयोजित किया जाए। साथ ही प्रतियोगिता में अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित कराई जाए। 29वां युवा उत्सव जिले में 01 नवम्बर 2025 को आयोजित किया जाएगा। इसके लिए सभी छात्र-छात्राओं के पंजीयन हेतु आवेदन प्राप्त करना प्रारंभ कर दिए गए है।

### चयनित प्रतिभागियों को संभाग स्तर पर भेजा जाएगा

खेल और युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 15 से 29 वर्ष तक के प्रतिभागी सहभागिता कर सकते है। 1 नवम्बर 2025 को महाराजा छत्रसाल बु.वि. छतरपुर में प्रातः 09:30 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। जिनमें विज्ञान मेला, सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोकगीत, कविता लेखन, भाषण, कहानी लेखन, पेंटिग आदि विधाओं में इच्छुक प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। उक्त विधाओं में चयनित प्रतिभागियों को संभाग स्तर पर भेजा जाएगा। प्रतिभागियों का पोर्टल पर पंजीयन आवश्यक है। पंजीयन एवं पंजीयन फार्म जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। पंजीयन की अंतिम दिनांक 28 अक्टूबर 2025 है। अधिक जानकारी के खेल विभाग के प्रिंस परमार मो. 9993015818 एवं जूडो प्रशिक्षक शंकरलाल रैकवार मो. 9179765609 पर संपर्क कर सकते हैं।

# 4 माह की गर्भवती नवविवाहिता फंदे पर लटकी, मौत

## मायके पक्ष ने ससुराल पर लगाए हत्या के आरोप, पुलिस जांच में जुटी



छतरपुर। महाराजपुर थाना क्षेत्र के बिकौरा गांव में मंगलवार की देर रात एक 4 माह की गर्भवती नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतका की पहचान जयंती (20) पिता स्व. रमेश पटेल निवासी डिगौनी के रूप में हुई है। करीब 6 माह पहले उसकी शादी धर्मेंद्र पटेल निवासी बिकौरा से हुई थी, जो चंदला अस्पताल में ऑपरेटर के पद पर पदस्थ है। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। परिजनों के अनुसार शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज को लेकर जयंती को प्रताड़ित कर रहे थे। परिजनों का कहना है कि कई बार उसे दहेज के लिए पीटा भी गया था। बीती रात भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद जयंती ने कमरे में जाकर फांसी लगा ली। परिजनों का आरोप है कि ससुराल पक्ष ने उसकी हत्या कर शव को फंदे पर लटकाया है।
मृतका के मौसिया हल्के भैया निवासी पंचमपुरा ने बताया कि ससुराल पक्ष लगातार मायके की जमीन बेचने और पैसे की मांग कर रहा था। लड़की के शरीर और पैरों पर चोट के निशान हैं। वहीं जयंती की माँ ने बताया कि जयंती 4 माह की गर्भवती थी और ससुराल में उसे छह बार मारा-पीटा गया था। इस बारे में जयंती ने कई बार फोन पर जानकारी भी दी थी।
घटना की सूचना मिलते ही महाराजपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी डी.के. सिंह ने बताया कि तहसीलदार को भी सूचना दी गई है। डॉक्टरों की टीम द्वारा पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर चली लाठियां, एक दर्जन से ज्यादा लोग घायल



चंदला/लवकुशनगर। चंदला थाना क्षेत्र के बगुली गांव में वर्षों से चल रहे जमीनी विवाद ने मंगलवार को हिंसक रूप ले लिया। खेत पर जुताई करने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए चंदला स्वास्थ्य केंद्र लाया गया है।
घटना के संबंध में घायल पक्ष के कमलेश पटेल ने बताया कि उनके परिवार के नाम पर उक्त भूमि दर्ज है और कई वर्षों से वे उसी पर खेती कर रहे हैं। मंगलवार सुबह वे अपने भाइयों महेश, अनंदीलाल और रामकिशन पटेल के साथ खेत पर जुताई करने पहुंचे थे। तभी गांव के ही लक्ष्मी पटेल, शालिग्राम, अवधेश, संतोष, नीरज और राम खगेश पटेल सहित अन्य लोग वहां आ गए और विवाद के बाद लाठी-डंडों से हमला कर दिया।
वहीं दूसरे पक्ष के लक्ष्मी पटेल ने बताया कि उक्त भूमि पर कोर्ट से स्टे ऑर्डर मिला हुआ है। इसके बावजूद कमलेश पटेल पक्ष खेत पर जुताई कर रहा था। जब उन्होंने साधारण रूप से रोकने की कोशिश की तो दूसरे पक्ष ने मारपीट शुरू कर दी। जवाब में उनके पक्ष से भी मारपीट हुई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों से प्रकरण दर्ज कर घायलों को इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। बताया जा रहा है कि झगड़े में महिलाओं को भी चोटें आई हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हिन्दू सुरक्षा मंच ने धर्मांतरण के विरोध में किया धरना प्रदर्शन



छतरपुर। हिन्दू सुरक्षा मंच के बैनर तले बुधवार को गल्ला मंडी से चौक बाजार तक विशाल रैली निकाली गई। रैली के बाद चौक बाजार पर धरना प्रदर्शन कर संगठन ने धर्मांतरण के खिलाफ जोरदार विरोध जताया।
संगठन के श्री बाधवानी ने कहा कि हिन्दू सुरक्षा मंच धर्मांतरण करने वाले पादरियों, मौलवियों और मिशनरियों के खिलाफ सड़कों पर उतरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षा संस्थानों के माध्यम से सुनियोजित तरीके से हिन्दू समाज का धर्मांतरण किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट में भी याचिका लगाई गई है कि धर्म परिवर्तन करवाना उनका अधिकार है, जबकि हिन्दू समाज इसका कड़ा विरोध करता है। उन्होंने मांग की कि धर्मांतरण में संलिप्त लोगों पर कठोर कार्रवाई हो और सख्त कानून बनाकर ऐसे मामलों पर पूरी तरह रोक लगाई जाए। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में मंच के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## छतरपुर में पीडब्ल्यूडी भवन विक्रय मामला

# 5 पर हुई एफआईआर, सीएमओ सहित 5 को नोटिस जारी

छतरपुर। हाल ही में सामने आए लोक निर्माण विभाग के एक भवन की फर्जी रजिस्ट्री और अतिक्रमण का मामला लगातार सुर्खियों में है। दरअसल कोतवाली के पास स्थित पीडब्ल्यूडी विभाग के एक भवन को कुछ लोगों ने अधिकारी-कर्मचारियों से सांठ-गांठ कर फर्जी दस्तावेजों की मदद बेच दिया। मामले का खुलासा होने के बाद पांच कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज किए जाने के साथ-साथ नगर पालिका सीएमओ सहित 5 अधिकारियों को नोटिस भी भेजे गए हैं। उक्त प्रकरण की जिला प्रशासन द्वारा बारीकी से जांच कराए जाने के साथ-साथ शहर में मौजूद पीडब्ल्यूडी विभाग के अन्य भवनों की जांच भी कराई जा रही है, जिससे अन्य मामलों में भी कार्रवाई होने की संभावना है। यह मामला न केवल भ्रष्टाचार और दबाव की राजनीति को उजागर कर रहा है, बल्कि उच्च अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े कर रहा है। नगर पालिका के संविदा कर्मचारी ने एक वीडियो जारी कर मुख्य नगर अधिकारी (सीएमओ) और नगर पालिका अध्यक्ष पर जांच टीम को गुमराह करने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने मांग की है कि सभी संबंधित पक्षों का नार्को टेस्ट कराया जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### यह पूरा मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार छतरपुर की सिटी कोतवाली के समीप बालाजी मंदिर के सामने स्थित लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के भवन क्रमांक 64, जिसे हाउस ऑफ उमाशंकर दफ्तरी के नाम से जाना जाता है। इस भवन को एक शातिर व्य?क्ति अंकित मिश्रा ने छतरपुर नगर पालिका की सीएमओ माधुरी शर्मा से सांठ-गांठ कर का नगर पालिका की नामांतरण पंजी में उमाशंकर दफ्तरी से सिर्फ उमाशंकर करा दिया और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर इस भवन की रजिस्ट्री नौगांव निवासी धीरेन्द्र गौर और नरसिंहपुर निवासी दुर्गेश पटेल के नाम करा दी। रजिस्ट्री लेखक रघुनंदन प्रसाद पाठक ने जो रजिस्ट्री तैयार की उसमें विक्रेता निशा उपाध्याय पत्नी स्वर्गीय बृजेश उपाध्याय, गोपाल उपाध्याय पुत्र स्वर्गीय बृजेश उपाध्याय, विजय उपाध्याय पुत्र स्वर्गीय बृजेश उपाध्याय, तीनों निवासी रैन बसेरा के सामने तीर्थराजपुरी सीतापुर बलगई चित्रकूट भैसोढ़ा जिला चित्रकूट तथा राकेश कुमार उपाध्याय पुत्र स्वर्गीय गणेशदत्त उपाध्याय निवासी वार्ड नंबर 20 सबनीगर मुहल्ला छतरपुर हैं। जबकि गवाह के तौर पर जीतेन्द्र कुमार गौर और अंकित मिश्रा के नाम दर्ज हैं। गत 5 अक्टूबर 2025 को यह रजिस्ट्री और कुछ अन्य दस्तावेज सामने आए जिसके बाद मामले ने सोशल मीडिया पर सु?र्खियां बटोरना शुरु कर दिया। प्रशासन की किरकिरी होने के बाद कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मामले को संज्ञान में लेकर तीन सदस्यीय टीम गठित कर जांच की जिम्मेदारी एडीएम मिलिंद नागदेवे, एसडीएम अखिल राठौर और तहसीलदार पियूष दीक्षित को सौंपी। प्रारंभिक चरण में जो नाम सामने आए उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया और इसके बाद 11 अक्टूबर को छतरपुर नगर पालिका के सहायक राजस्व निरीक्षक राजेंद्र नापित, दयाराम कुशवाहा, तत्कालीन राजस्व शाखा प्रभारी उमाशंकर पाल और प्रभारी उपपंजीयक कंसू लाल अहिरवार तथा रजिस्ट्री लेखक रघुनंदन प्रसाद पाठक के विरुद्ध कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज की गई। साथ ही पीडब्ल्यूडी के प्रभारी एसडीओ कमलेश मिश्रा, सहायक ग्रेड-3 विजय कुमार खरे और कर्मचारी राजाराम कुशवाहा को सस्पेंड किया गया। उक्त कार्रवाई के उपरांत कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने मामले की विस्तृत जांच के लिए एक और टीम गठित की जिसमें जिसमें एसडीएम अखिल राठौर, रजिस्ट्रार कार्यालय के पंजीयक जीपी सिंह और पीडब्ल्यूडी ईई आशीष भारती शामिल हैं।

### नगर पालिका से सामने आ रही गंभीर लापरवाही

विस्तृत जांच के लिए एक और टीम गठित की जिसमें जिसमें एसडीएम अखिल राठौर, रजिस्ट्रार कार्यालय के पंजीयक जीपी सिंह और पीडब्ल्यूडी ईई आशीष भारती द्वारा लगातार जांच की जा रही है। इसी टीम की जांच में सामने आया है कि अंकित मिश्रा द्वारा इस मामले की नामांतरण फाइल 23 दिसंबर 2024 को नगर पालिका कार्यालय में जमा की गई थी। इस फाइल का प्रकाशन एक समाचार पत्र में 6 जनवरी 2025 को हुआ था और 15 दिनों की आपत्ति अवधि समाप्त होने के बाद इसकी प्रक्रिया पूरी की गई। प्रारंभिक चरण में यह फाइल, नगर पालिका के तत्कालीन राजस्व प्रभारी दयाराम कुशवाहा के पास थी लेकिन अप्रैल 2025 में राजस्व प्रभारी का पद राजेन्द्र नापित को सौंप दिया गया। इस दौरान अंकित मिश्रा ने सीएमओ माधुरी शर्मा सहित संबंधित कर्मचारियों पर नामांतरण करने का दबाव बनाया। जब फाइल सीएमओ के पास पहुंची तो वर्ष 2015-16 से 2024-25 तक के रजिस्टर चैक किए गए। इसी बीच अंकित मिश्रा ने सीएमओ माधुरी शर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया से सांठ-गांठ कर ली, जिसके चलते सीएमओ और अध्यक्ष द्वारा फाइल पर हस्ताक्षर करके कर्मचारियों को नामांतरण करने के निर्देश दिए गए। सीएमओ और अध्यक्ष के निर्देश पर ही राजस्व प्रभारी राजेन्द्र नापित ने अपनी आईडी से उक्त पीडब्ल्यूडी भवन का नाम उमाशंकर दफ्तरी से सिर्फ उमाशंकर किया और फिर नगर पालिका की नामांतरण प्रभारी निवेदिता सोनी ने नामांतरण पोर्टल पर इसे दर्ज किया। इतना ही नहीं राजस्व प्रभारी राजेन्द्र नापित और नामांतरण प्रभारी निवेदिता सोनी के मौखिक कहने पर संविदाकर्मी उमाशंकर पाल ने पंजी रजिस्टर में उनके सामने ही ओवरराईटिंग की। नगर पालिका द्वारा की गई इस कार्रवाई के बाद ही अंकित मिश्रा ने उक्त भवन की रजिस्ट्री नौगांव निवासी धीरेन्द्र गौर और नरसिंहपुर निवासी दुर्गेश पटेल के नाम कराई थी।
यह पूरा खेल दबाव और साजिश के तहत हुआ है। दरअसल शुरुआत से ही अंकित मिश्रा ने सीएमओ और कर्मचारियों पर दबाव बनाया, जो संपत्ति के नामांतरण को प्रभावित करने का प्रयास था। निवेदिता सोनी जैसे कर्मचारियों को पैसे का लालच देकर तोड़ा गया और असफलता के बाद कानूनी चालें चली गईं- जैसे वारसान सिजरा की मांग, फाइल पूर्ण होने के बावजूद 8 अक्टूबर को अचानक बदलाव, सीएमओ के पास पहुंचते ही फाइल का गायब होना आदि। सूत्र बताते हैं कि यह सब सुनियोजित था, ताकि मूल दस्तावेज नष्ट हो सकें और नई, संशोधित फाइल थोप दी जाएं। वहीं पुलिस और एसडीएम की तलाशी के बावजूद फाइल न मिलना भी साजिश की ओर इशारा करता है। 10 अक्टूबर को नोटशीटें गायब पाए जाने से साफ है कि फाइल के साथ छेड़छाड़ की गई। यह घटनाक्रम न केवल फाइल गायब होने तक सीमित है, बल्कि इससे जुड़ी करोड़ों की संपत्ति के गलत हाथों में जाने का खतरा भी मंडरा रहा है।

### कौन हैं जिम्मेदार...?

इस मामले में कई चेहरे जिम्मेदार नजर आते हैं, जिनकी भूमिकाएं संदिग्ध हैं। सबसे ऊपर छतरपुर नगर पालिका की अध्यक्ष ज्योति चौरसिया और मुख्य नगर अधिकारी माधुरी शर्मा हैं। वहीं इस मामले का मुख्य सूत्रधार अंकित मिश्रा है, जिसने अधिकारियों से सांठ-गांठ की, कर्मचारियों पर दबाव बनाया, उन्हें लालच दिया और कानूनी दांव चले। तत्कालीन राजस्व प्रभारी दयाराम कुशवाहा की भूमिका साफ है, लेकिन बाद के बदलावों में उनकी चुप्पी संदिग्ध है। गौरतलब है कि इस पूरे कांड में नगर पालिका द्वारा निभाई गई भूमिका के लिए मुख्य आरोपी उमाशंकर पाल को बनाया जा रहा है जबकि उमाशंकर नगर पालिका की राजस्व शाखा में संविदाकर्मी के तौर पर बतौर सहयोगी पदस्थ है। उमाशंकर ने 13 अक्टूबर की दोपहर में एक वीडियो जारी कर पूरे मामले की सच्चाई उजागर करते हुए अपने उच्च अधिकारियों को दोषी बताया है। वीडियो में उसने अंकित मिश्रा के कहने पर अध्यक्ष ज्योति चौरसिया, सीएमओ माधुरी शर्मा और उनके निर्देश पर राजस्व प्रभारी राजेन्द्र नापित और नामांतरण प्रभारी निवेदिता सोनी द्वारा पूरी कार्रवाई किए जाने की बात कही है। इस पूरी कार्रवाई के सीसीटीवी भी हैं, यदि सीसीटीवी की जांच की जाए तो सच्चाई स्पष्ट हो सकती है। उमाशंकर ने यह भी कहा कि इस मामले में पिछले दो दिनों से लगातार उस पर दोष अपने सिर लेने का दबाव बनाया जा रहा है, जिससे तंग आकर उसने यही वीडियो बनाया है। उमाशंकर ने मांग की है कि सभी संबंधित पक्षों का नार्को टेस्ट कराया जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके।

### अब तक हुई यह कार्रवाई -

छतरपुर एडीएम मिलिंद नागदेवे ने बताया कि कूटरचित दस्तावेजों की मदद से पीडब्ल्यूडी विभाग के भवन को बेचे जाने के प्रकरण में छतरपुर नगर पालिका के सहायक राजस्व निरीक्षक राजेंद्र नापित, दयाराम कुशवाहा, तत्कालीन राजस्व शाखा प्रभारी उमाशंकर पाल और प्रभारी उपपंजीयक कंसू लाल अहिरवार तथा रजिस्ट्री लेखक रघुनंदन प्रसाद पाठक के विरुद्ध कोतवाली थाना में एफआईआर दर्ज की गई है। असके अतिरिक्त नगर पालिका सीएमओ, पीडब्लयूडी के स्थाईकर्मी विजय खरे, राजाराम कुशवाहा, तत्कालीन कार्यपालन यंत्री और रजिस्ट्रार कार्यालय के डीआर को नोटिस जारी किए गए। नोटिस के उपरांत पीडब्ल्यूडी के प्रभारी एसडीओ कमलेश मिश्रा, सहायक ग्रेड-3 विजय कुमार खरे और कर्मचारी राजाराम कुशवाहा को सस्पेंड भी किया गया। प्रकरण के क्रेता-विक्रेता पर जांच के बाद कार्रवाई होगी और जो अन्य नाम सामने आएंगे उन पर भी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देश पर 4 सदस्यीय टीम भी गठित की गई, जो शहर के अंदर मौजूद पीडब्लयूडी के भवनों की जांच कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त कराएगी।

**सीएसपी बोले अभी 5 पर हुई एफआईआर, जांच जारी**
-सीएसपी अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि इस मामले में दोषी पाए गए नगर पालिका के सहायक राजस्व निरीक्षक राजेंद्र नापित, दयाराम कुशवाहा, तत्कालीन राजस्व शाखा प्रभारी उमाशंकर पाल, प्रभारी उपपंजीयक कंसू लाल अहिरवार तथा रजिस्ट्री लेखक रघुनंदन प्रसाद पाठक के खिलाफ कोतवाली थाना में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच जारी है, जो अन्य सामने आएंगे उन पर भी कार्रवाई होगी।

# खजुराहो में मिसाइल मैन अब्दुल कलाम की जयंती एवं विश्व छात्र दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया



खजुराहो

बुंदेलखंड विकास निधि साख सहकारी समिति लिमिटेड खजुराहो द्वारा भारत रत्न, भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जी की जयंती एवं विश्व छात्र दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं, स्कूली बच्चों और स्थानीय नागरिकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही, जिन्होंने डॉ. कलाम जी के प्रेरणादायक व्यक्तित्व को याद करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।
कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में मतँगेश्वर सेवा समिति एवं दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर खजुराहो के पंडित सुधीर शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने ने अपने उद्बोधन मे बताया कि डॉ. कलाम जी भारतीय विज्ञान और शिक्षा जगत के ऐसे उज्ज्वल नक्षत्र थे, जिन्होंने अपने जीवन के संघर्षों को सफलता में परिवर्तित कर पूरी दुनिया के लिए एक प्रेरक उदाहरण प्रस्तुत किया। बचपन में आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और निरंतर अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर रहे। उन्होंने भारत के मिसाइल एवं परमाणु हथियार कार्यक्रमों को नई दिशा दी, जिसके कारण उन्हें मिसाइल मैन और जनता के राष्ट्रपति की उपाधियाँ मिलीं डॉ. कलाम जी का जीवन हर विद्यार्थी के लिए एक प्रेरणा है, क्योंकि उन्होंने यह सिद्ध किया कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि संकल्प दृढ़ हो तो सफलता अवश्य मिलती है वह बहुत ही साधारण व्यक्ति थे। पंडित शर्मा ने उपस्थित सभी को विश्व छात्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और कहा कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में अनुशासन, निष्ठा और सेवा की भावना को अपनाकर देश के विकास में योगदान देना चाहिए।
इस अवसर पर नगर परिषद खजुराहो के अध्यक्ष अरुण कुमार अवस्थी, गाइड एसोसिएशन के विवेक जैन, खजुराहो जैन समाज के शांत जैन, बैंक मैनेजर विजय रजक, परिवर्तन एनजीओ के राकेश राजोरिया, सेफरोन आर्ट के जहांगीर कश्मीरी, वरिष्ठ पत्रकार इमरान खान, सद्दाम हुसैन, सुशील शर्मा, विकास द्विवेदी, आरती यादव, सोनू रजक और शिवा शंकट सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने डॉ. कलाम जी के जीवन से जुड़े प्रेरणादायक विचार प्रस्तुत किए। बच्चों में कार्तिक शिवहरे, कोमल अनुरागी (कुक्की), कृतिका साहू (डब्बू), परी खान, अनाया खान और इंशा खान प्रमुख रूप से शामिल रहीं। सभी ने संकल्प लिया कि वे डॉ. कलाम जी के आदर्शों पर चलते हुए शिक्षा और विज्ञान के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएँगे।
कार्यक्रम का समापन देशभक्ति और प्रेरणा से ओतप्रोत माहौल में हुआ। सभी प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए और डॉ. कलाम जी के विचारों पर आधारित पुस्तिकाएँ वितरित की गईं। पूरे आयोजन का उद्देश्य छात्रों और युवाओं में राष्ट्रप्रेम, आत्मविश्वास और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना रहा, ताकि वे डॉ. कलाम जी के बताए मार्ग पर चलकर एक सशक्त भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकें।

# बाबा साहेब की प्रतिमा को लेकर बमनोरा कलां में बवाल



पुलिस बल तैनात, भीम आर्मी और हिंदू संगठन आमने-सामने

**बड़ा मलहरा। जिले के घुवारा क्षेत्र के ग्राम बमनोरा कलां में मंगलवार देर शाम बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित किए जाने को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया। बताया जा रहा है कि मंदिर परिसर की भूमि पर रातों-रात प्रतिमा स्थापित की गई, जिसके बाद भीम आर्मी और हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए।**
मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम बड़ामलहरा, एसडीओपी और क्षेत्र के सभी थानों का पुलिस बल मौके पर पहुंचा। देर शाम तक दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक होती रही। प्रशासन ने लोगों को समझाइश देकर किसी तरह स्थिति को नियंत्रण में लिया, लेकिन पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।
ग्रामीणों का कहना है कि भूमि को लेकर पहले से विवाद चल रहा था, ऐसे में बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करना उकसावे की कार्रवाई है। वहीं भीम आर्मी का कहना है कि यह भूमि सार्वजनिक है और बाबा साहेब की प्रतिमा लगाना उनका संवैधानिक अधिकार है। प्रशासन ने शांति बनाए रखने की अपील करते हुए क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया है। अधिकारियों ने कहा है कि भूमि और अनुमति संबंधी दस्तावेजों की जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार दोनों पक्षों में देर रात तक बातचीत का दौर जारी रहा। प्रशासन ने सख्त चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने या माहौल बिगाडऩे की कोशिश करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### बाइक से आने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हेलमेट पहनना अनिवार्य

**कटनी**। दोपहिया वाहन से शासकीय कार्यालय आने वाले सभी शासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों को अब हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट और कलेक्टर आशीष तिवारी ने तदाशय का आदेश जारी भी कर दिया है। कलेक्टर श्री तिवारी द्वारा जारी यह आदेश सभी विभागों के जिला अधिकारियों को भेजा गया है। आदेश में मप्र मोटर यान एक्ट 1988 की धारा 129 के प्रावधानों तथा केन्द्र एवं राज्य शासन द्वारा पूर्व में जारी निर्देशों का उल्लेख करते हुए सभी अधिकारियों व कर्मचारियों एवं समस्त स्टाफ को दो पहिया वाहन से कार्यालय आते और जाते समय आई एस आई मार्का हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट एवं कलेक्टर ने सभी विभागों के जिला अधिकारियों को अपने स्टाफ से हेलमेट की अनिवार्यता आदेश का पालन सुनिश्चित कराने कहा गया है। आदेश में कहा गया है कि संबंधित थाना और आरक्षी केंद्र द्वारा समय-समय पर हेलमेट चेकिंग अभियान भी चलाया जायेगा।

### एसीईओ को एमडीएम का सौंपा गया प्रभार

**कटनी**। जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने कार्यालय में पदस्थ लोक सेवकों के मध्य कार्य विभाजन हेतु पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण (एमडीएम) के प्रभारी अधिकारी का प्रभार अनुराग मोदी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आगामी आदेश तक के लिए सौंपा है।

### कटनी के चिकित्सक को भी जारी हुआ नोटिस

**कटनी**। छिंदवाड़ा में श्रीसन फार्मा की कफ सिरप "कोल्ड्रिफ" से हुई बच्चों की मौत के बाद सरकार ने कार्रवाई स्वरूप निशाने पर फार्मा कंपनियों और डॉक्टरों के बीच स्थापित गुप्त गठजोड़ को निशाने पर लिया है। प्रदेश सरकार के निर्देश पर 20 डॉक्टरों को नोटिस थमाए गए हैं, जिनमें कटनी के चिकित्सक डॉ. प्रवीण वैश्य का नाम भी शामिल है।

# विकसित भारत का संकल्प सत्यम, शिवम, सुंदरम के मूल मंत्र में निहित

## विकसित भारत, विजन 2047 विषय पर राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन

रीवा।

शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा के समाज विज्ञान संकाय के तत्वावधान में विकसित भारत : विजन 2047 विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। यह वेबीनार भारत के समग्र विकास, शिक्षा, संस्कृति, और ज्ञान परंपरा के समन्वित स्वरूप पर केंद्रित रहा। इस अवसर पर देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिष्ठित शिक्षाविद्, आचार्य, शोधार्थी और विद्यार्थी बड़ी संख्या में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप



में राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा के कुलगुरु प्रो. आई. पी. त्रिपाठी शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा प्रो. आर. पी. सिंह ने सहभागिता की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रवींद्र नाथ तिवारी ने की। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. स्वाति शुक्ला ने किया। प्रो. नीलम पांडेय ने स्वागत उद्बोधन में विषय की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विकसित भारत का स्वप्न तभी साकार होगा जब शिक्षा, संस्कृति और नवाचार एक साथ मिलकर समाज में नई ऊर्जा का संचार करें। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 विजन में आत्मनिर्भरता, तकनीकी प्रगति और मानवीय मूल्यों का गहरा समन्वय है। मुख्य अतिथि कुलगुरु प्रो. आई. पी. त्रिपाठी ने कहा कि भारत विश्व का नेतृत्व करने के लिए पूर्णतः तैयार है, लेकिन इसके लिए हमें अपनी तरुणाई को जागृत करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि विकसित भारत का संकल्प सत्यम, शिवम, सुंदरम के मूल मंत्र में निहित है। जब तक हम सत्य, कल्याण और सौंदर्य के इन तीन आयामों को अपने जीवन और कार्य में नहीं उतारेंगे, तब तक विकास अधूरा रहेगा। उन्होंने भारत की सांस्कृतिक समृद्धि, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आध्यात्मिक चेतना को विकसित भारत के तीन मुख्य स्तंभ बताते हुए कहा कि भारत की युवा शक्ति में अपार संभावनाएँ हैं, जिन्हें सही दिशा देकर विश्व शांति और विकास का मार्ग प्रशस्त किया जा सकता है। प्रो. आर. पी. सिंह ने अपने संबोधन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को विकसित भारत निर्माण की आधारशिला बताते हुए कहा कि यह नीति भारतीय शिक्षा प्रणाली को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाने के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा से भी जोड़ेगी। उन्होंने कहा कि यह नीति विद्यार्थियों में क्रिटिकल थिंकिंग, इनोवेशन और एंटरप्रेन्योरशिप की भावना को सशक्त करेगी, जो विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की दिशा में प्रमुख भूमिका निभाएगी। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. रवींद्र नाथ तिवारी ने कहा कि शिक्षा ही विकास का द्वार है। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके शिक्षित नागरिकों पर निर्भर करती है। विशेष रूप से उन्होंने मातृशक्ति की भूमिका पर बल देते हुए कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना विकसित भारत का निर्माण अधूरा रहेगा। उन्होंने कहा कि भारत का भविष्य तभी उज्जवल होगा जब हर शिक्षित महिला अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएगी। मुख्य वक्ता दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रो. सनत कुमार शर्मा ने अपने व्याख्यान में भारतीय ज्ञान परंपरा के वैश्विक महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि भारतीय चिंतन में मल्टीडिसीप्लिनरी दृष्टिकोण और सस्टेनेबिलिटी स्वभावतः निहित है। यह हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है कि हम प्रकृति के साथ सामंजस्य रखते हुए विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि परंपरा और आधुनिकता के समन्वय से ही भारत के विकास का मार्ग प्रशस्त हो सकता है।बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो. अरविंद कुमार जोशी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में महिला, युवा, कृषक और वरिष्ठ नागरिक ये चारों स्तंभ अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व के सामने एक सशक्त राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, जहाँ डिजिटल अर्थव्यवस्था, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा एवं अंतरिक्ष क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि भारत के पास विश्व का सबसे बड़ा जनसांख्यिकीय लाभ है, जिसे यदि सही दिशा दी जाए तो वर्ष 2047 तक भारत न केवल विकसित राष्ट्र बल्कि ज्ञान गुरु के रूप में भी स्थापित होगा।

# मुख्यमंत्री के दौरे की तैयारियों का विधायक और कलेक्टर ने लिया जायजा

## विधायक गुढ़ और कलेक्टर ने भैरवनाथ मंदिर का किया भ्रमण

रीवा ।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दौरा कार्यक्रम 29 अक्टूबर को गुढ़ विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुढ़ के समीप प्राचीन भैरवनाथ मंदिर परिसर में हुए नवीन निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री मंदिर के समीप आयोजित जन सभा को संबोधित करेंगे। विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह तथा कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभा स्थल एवं भैरवनाथ मंदिर का भ्रमण करके तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर ने कहा कि मंदिर परिसर में शेष कार्य सात दिवस में पूरे कराकर साफ-सफाई कराएं। सभी प्रमुख निर्माण कार्य पूरे हो गए हैं। शेष कार्यों को सात दिवस में अनिवार्य रूप से पूरा कराएं। इसके साथ-साथ हेलीपैड तथा सभा स्थल में भी साफ-सफाई एवं समतलीकरण कराएं। सभा में बड़ी संख्या में आमजन शामिल होंगे। इनके सुगमता से कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने और बैठने की समुचित व्यवस्था करें। कलेक्टर ने



अधिकारियों को सड़क में सुधार, पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, पण्डाल और साउण्ड सिस्टम तथा मंच सज्जा के संबंध में निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित कार्यपालन यंत्री हाउसिंग बोर्ड अनुज प्रताप सिंह तथा संविदाकार श्री विवेक दुबे ने निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रभारी वन मण्डलाधिकारी हितेश खण्डेलवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर, एसडीएम गुढ़ डॉ. अनुराग तिवारी तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री का रीवा में किया गया आत्मीय स्वागत



रीवा ।

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सिंगरौली जिले के प्रवास के दौरान अल्प समय के लिए रीवा एयरपोर्ट पहुंचे। एयरपोर्ट में मुख्यमंत्री डॉ यादव का जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक सिरमौर दिव्यराज सिंह, विधायक रामपुर बघेलान विक्रम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य राजेश पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, आईजी गौरव राजपूत, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, डीआईजी हेमंत चौहान, पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र सिंह चौहान तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# वरिष्ठजनों की जांच के लिए शिविरों का आयोजनआज त्योंथर में शिविर का आयोजन

**रीवा ।** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा अटल वयों अभ्युदय योजनान्तर्गत बुजुर्गों को कृत्रिम अंग प्रदान करने के लिए जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर में कृत्रिम अंग के लिए पात्र पाए गए बुजुर्गों को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम तथा एलिम्को संस्था द्वारा निःशुल्क कृत्रिम अंग उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा संबंधित जनपद के सीईओ को शिविर के लिए आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृत्रिम अंग के लिए पात्र बुजुर्गों का चिन्हांकन करके उन्हें शिविर से लाभान्वित कराएं। संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने बताया कि 16 अक्टूबर को जनपद पंचायत त्योंथर में आयोजित शिविर में नगरीय निकाय त्योंथर, चाकघाट, डभौरा तथा जनपद पंचायत जवा एवं त्योंथर के दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदाय करने हेतु वृद्धजनों की जांच होगी।

# सट्टा पर्ची काटते एक आरोपी गिरफ्तार, नकदी और पर्चियां जब्त, अमहिया पुलिस ने की कार्रवाई



**रीवा**। शहर के अमहिया थाना पुलिस ने एक बार फिर सख्त कार्रवाई की है पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए सट्टा पर्ची काटते एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से नकदी और सट्टा पर्चियों सहित अन्य सामान जब्त किया गया है। बुधवार को प्रधान आरक्षक शबाना बेगम को एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अमहिया क्षेत्र स्थित मानस भवन के पास एक व्यक्ति सफेद शर्ट पहने हुए अवैध रूप से सट्टा पर्ची काट रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए थाना अमहिया की टीम मौके पर पहुंची और रेड कार्यवाही को अंजाम दिया। मौके से राजेश विश्वकर्मा उर्फ गुड्डू (उम्र 58 वर्ष), पिता भुवनेश्वर विश्वकर्मा, निवासी हीरालाल कॉलोनी, अमहिया, को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से कुल 1200 रुपए नगद, सट्टा पर्चियां और एक पेन बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 4(क) सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की है।

# नगर परिषदों में चलाया जा रहा विशेष स्वच्छता अभियान



रीवा

जिले भर में दो अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी नगरीय निकायों में दीपावली को दृष्टिगत रखते हुए सार्वजनिक स्थलों की विशेष साफ-सफाई के निर्देश दिए हैं। इसके परिपालन में नगर परिषदों में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नगर परिषद सिरमौर में बाजार तथा वार्ड क्रमांक चार और रानी तालाब में साफ-सफाई की गई। नगर परिषद गुढ़ में मुख्य नगर पालिका अधिकारी केएन सिंह ने सफाई कर्मियों के दल के साथ नगर के प्रमुख मार्गों और कष्टहरनाथ मंदिर में साफ-सफाई कराई। नगर पंचायत बैकुंठपुर में सीएमओ निधि राजपूत ने सफाई मित्रों के साथ नगर के खाली पड़े प्लाटों से कचरे का उठाव कराया। इसके साथ-साथ सड़कों और नालियों की भी सफाई की गई। इसी तरह चाकघाट, डभौरा, गोविंदगढ़ तथा अन्य नगर परिषदों में भी विशेष साफ-सफाई अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई की जा रही है।

# विशाल रोजगार मेला शासकीय टीआरएस कॉलेज रीवा में आज

रीवा

युवा संगम कार्यक्रम के तहत शासकीय टीआरएस कॉलेज रीवा में 16 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा। रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने मेला के आयोजन के लिये विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। रोजगार मेले में 65 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा। मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है। वेतन एवं भत्ते 7000 रुपए से 25 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है। वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा। युवाओ को अपने साथ मूल अंकसूची तथा निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा। उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि रोजगार मेले में याजाकी इंडिया लि. हरियाणा, लेन्सकार्ट इंडिया बिलहरी राजस्थान, एनजीएम पीजी भिवाड़ी राजस्थान, एमआरएफ दहज, टाटा आटोकार्प पैन्स ग्रुप लि, अहमदाबाद शामिल होंगी। मेले में टाटा ग्रीन गोशन लि. अहमदाबाद, मदर सन आटोमोटिव लि. अहमदाबाद, पोली प्लास्टिक इंडिया लि. अहमदाबाद, कृष्णा मारूति लि अहमदाबाद, सोमिक जेडएफ ऑटोकार्प लि. अहमदाबाद कंपनियां भागीदारी निभाएंगी। मेले में ल्यूमैक्स इंडस्ट्रीज लि. अहमदाबाद, विल्स कार इंडिया लि. अहमदाबाद, पीजी इलेक्ट्रो प्लांट इंडिया लि. पुणे, एमपी बिरला सीमेन्ट लि. सतना एण्ड मैहर, प्रिज्म सीमेन्ट लि. सतना, केजेएस सीमेन्ट लि. मैहर की भी भागीदारी रहेगी। मेले में अपोलो टायर्स लि. बड़ोदा गुजरात, बीजी इलेक्ट्रिकल्स एण्ड इलेक्ट्रालिक्स इंडिया लि. वालुज, औरंगाबाद ऑटो एंसिलरी प्रा. लि. वालुज, औरंगाबाद भाग लेंगी। मेले में हायर अप्लायंसेज इंडिया लि. रंजनगांव पुणे, ओटार कंट्रोल इंडिया प्रा.लि. चाकन पुणे, स्टार इंजीनिसयर्स इंडिया लि. चाकन पुणे, सीयोन एयर ऑटोमोटिव प्रा.लि. गांव दाभाडे महाराष्ट्र, एनईसीओ कंपनी नागपुर, अग्रोफैब मशीनरीज नागपुर, हायर अप्लीएन्सेस पुणे, फ्लैट ऑटोमोबाइल नागपुर, कैरियर मिडिया पुणे, टाटा मोटर ऑटो मोबाइल कम्पनी अहमदाबाद शामिल हो रही हैं। मेले में फिएट इंडिया ऑटोमोबाइल्स प्रा.लि. रंजनगांव पुणे, क्लासिक व्हील्स प्रा.लि. अहिल्यानगर, कनेक्टवेल इंडस्ट्रीज प्रा.लि. अंबरनाथ ठाणे महाराष्ट्र, काइनेटिक इंजीनियरिंक प्रा.लि. अहिल्यानगर, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्रा.लि. बेंगलुरू, श्रीराम पिस्टन एण्ड रिंग लि. पथरेडी राजस्थान, सात्विक सोलर प. लि. अम्बाला हरियाणा, अलर्ट एसजीएस प्रा. लि. रायपुर छत्तीसगढ़ कंपनियां भाग ले रही हैं। फार्मा कम्पनी गुजरात, ब्रोक्स इंडिया प्रा.लि, झागडिया, एप्टिव कंपोनेट्स इंडिया प्रा.लि. गुजरात, जय भारत मारूती हरियाणा, जिंदल पाइप्स गाजियाबाद उ.प्र., विनप्रेज इन्फा मीडिया प्रा.लि. मैहर कंपनियां शामिल हो रही हैं।

रोजगार मेले में मिग्मा पैकट्रॉन प्रा.लि. इंदौर, आयसर ट्रक एण्ड बस पीथमपुर धार इन्दौर, सिनोवा गियर्स एण्ड ट्रांस मिशन प्रा.लि. राजकोट गुजरात, पीएसएमएल बॉश ग्रुप पुणे महाराष्ट्र, सिएट इड्युसिस प्रा. लि., लार्सन एण्ड टुब्रो अहमदाबाद गुजरात कंपनियां शामिल होंगी। मेले में बजाज मोटर लिमि. औरंगाबाद, उत्कर्ष स्मोल फाइनेन्स प्रा.लि. जबलपुर, मुद्रा सोलर प्रा लि. (अडानी सोलर) कच्छ गुजरात, सिटी कार प्रा.लि. सतना, प्रगतिशील एग्रोटेक, प्रा.लि. रीवा, एचडीएफसी लाईफ इश्योरेन्स कम्पनी लिमिटेड रीवा, प्रभा बायोप्लांट्स प्रा.लि. रीवा, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा.लि. भोपाल की कंपनियां शामिल होंगी। मेले में प्रगतिशील बॉयोटेक प्रा.लि. सवेरा होटल के पास सतना, बजाज अलियाज प्रा.लि. रीवा, ऑल इनवन सर्विसेस रीवा, कन्टेम्परेरी सर्विसेज कॉर्पोरेशन इंडिया प्रा.लि. (सीएससी) इंदौर, भारतीय जीवन बीमा निगम रीवा, प्रगतिशील बायोटेक प्रा.लि. रीवा, अनुसुइया पुरातत्व सेवा प्रा.लि रीवा की कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध रहेंगे।

# जनकल्याण की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें: गिरीश गौतम

मऊगंज

जिले मे आमजनता के आवेदन पत्रों के निराकरण तथा योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जिले में लोक कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। जनपद पंचायत मऊगंज की ग्राम पंचायत मझगवां में आयोजित शिविर का विधायक देवतालाब गिरीश गौतम ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन करें। योजनाओं से पात्र प्रत्येक हितग्राही को हितलाभ पहुंचाएं। आमजनता के आवेदन पत्रों को अधिकारी संवेदनशीलता से निराकरण करें।




सभी अधिकारी शिविर में आमजनता को विभागीय योजनाओं की जानकारी दें। पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र भरवाकर उन्हें योजनाओं का लाभ दें। शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्री देवेन्द्र शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किए। शिविर में 45 महिला हितग्राहियों को तीन-तीन हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। शिविर में एसडीएम मऊगंज राजेश मेहता, तहसीलदार, जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# नईगढ़ी में आठवां राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम सम्पन्न

मऊगंज

जिले के नईगढ़ी मे महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में 15 अक्टूबर को आठवां राष्ट्रीय पोषण माह 2025 का कार्यक्रम रामपुर में ग्राम पंचायत के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं, बच्चों एवं समुदाय को पौष्टिक आहार और संतुलित भोजन के महत्व के प्रति जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्रीमती ममता कुंज बिहारी तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही।इस अवसर पर परियोजना अधिकारी रवि शंकर पांडेय ने





बताया कि पोषण माह के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से रैली और पोषण प्रदर्शनी जैसे विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए।मुख्य अतिथि ने कहा कि पोषण केवल भोजन नहीं, बल्कि समाज के स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और महिलाओं से अपील की कि वे बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें।कार्यक्रम में पोषण प्रदर्शनी में महुआ से बने व्यंजन, सोयाबीन से बने व्यंजन, दाल युक्त व्यंजन ,पारंपरिक रसोई से बने व्यंजन,तिल आटा बेसन के लड्डू ,दूध से बने व्यंजन एवं हरी सब्जी मिलाकर बनाए गए व्यंजन का प्रदर्शन किया गया 6 माह से 1 वर्ष तक के बच्चो का अन्नप्राशन कार्यक्रम किया गया प्रदर्शनी में तैयार व्यंजन बच्चों को खिलाकर अन्नप्राशन करवाया गया। बच्चों के अभिभावकों को खाद्य विविधता से तैयार व्यंजन के प्रति जागरूक किया गया इसके बाद उसका उपयोग भी किया गया।गर्भवती महिलाओं को उनके स्वास्थ्य पोषण एवं देखभाल पर विस्तृत जानकारी मंच के माध्यम से दी गई। जनपद अध्यक्ष द्वारा पाँच गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किया गया।5 बच्चों का अन्नप्राशन कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों से करवाया गया स्वस्थ बालक बालिका स्पर्धा से अंतर्गत 10 बच्चों को टिफिन एवं खिलौना देकर प्रोत्साहित किया गया आज के कार्यक्रम का मूल उद्देश्य बच्चों में स्थानीय व्यंजन का उपयोग को बढ़ावा देना पारंपरिक भोजन को बढ़ावा देना 1000 दिवस देखभाल को प्रोत्साहित करना गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूक करना खाद्य विविधता को प्रोत्साहित करने के लिए पोषण प्रदर्शनी का आयोजन करना बच्चे स्वस्थ रहे प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार प्रदान किए गए।राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम में सरपंच रामपुर, क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सेक्टर पर्यवेक्षक, अहिंसा टीम, धात्री गर्भवती महिलाएं उपस्थित रही है।